निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

संख्या 22 **पटना, बुधवार,** 7 ज्येष्ठ 1947 (श0)
28 मई 2025 (ई0)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग-1—नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य व्यक्तिगत सूचनाएं।	**02-22**
भाग-1-क—स्वयंसेवक गुल्मों के समादेष्टाओं के आदेश।	---
भाग-1-ख—मैट्रीकुलेशन, आई0ए0, आई0एससी0, बी0ए0, बी0एससी0, एम0ए0, एम0एससी0, लॉ भाग-1 और 2, एम0बी0बी0एस0, बी0एस0ई0, डीप0-इन-एड0, एम0एस0 और मुख्तारी परीक्षाओं के परीक्षा-फल, कार्यक्रम, छात्रवृत्ति प्रदान, आदि।	---
भाग-1-ग—शिक्षा संबंधी सूचनाएं, परीक्षाफल आदि	---
भाग-2—बिहार-राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि।	---
भाग-3—भारत सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और उच्च न्यायालय के आदेश, अधिसूचनाएं और नियम, 'भारत गजट' और राज्य गजटों के उद्धरण।	---
भाग-4—बिहार अधिनियम	---
भाग-5—बिहार विधान मंडल में पुर:स्थापित विधेयक,उक्त विधान मंडल में उपस्थापित या उपस्थापित किये जानेवाले प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और उक्त विधान मंडल में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक।	---
भाग-7—संसद के अधिनियम जिनपर राष्ट्रपति की ज्येष्ठ अनुमति मिल चुकी है।	---
भाग-8—भारत की संसद में पुर:स्थापित विधेयक, संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक।	---
भाग-9—विज्ञापन	---
भाग-9-क—वन विभाग की नीलामी संबंधी सूचनाएं	---
भाग-9-ख—निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि।	**23-26**
पूरक	---
पूरक-क	**27-29**

भाग–1

नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य व्यक्तिगत सूचनाएं।

बिहार विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

25 अप्रील 2025

सं0 02स्था०–20/2024–**981**/वि०स०।––श्री रविन्द्र पंडित, अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, जो वेतन स्तर–11 में प्रतिमाह अंके–67,700/–रू वेतन पाते हैं, को बिहार राज्य सरकारी सेवक एल.टी.सी. नियमावली 1986, वित्त विभाग, बिहार सरकार के पत्र संख्या–3एम–2–भत्ता–12/99–खंड–8/4252 वि० (2), दिनांक–22.06.2000 की कंडिका–12 तथा इस संबंध में वित्त विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत संकल्प सं०–8043, दिनांक–11.10.2017 की कंडिका–3(G) के अंतर्गत ब्लॉक वर्ष–2022–25 में एल.टी.सी. सुविधा के तहत सपरिवार (पत्नी एवं दो बच्चों तक) के साथ दिनांक–29.04.2025 से 05.05.2025 तक पटना से वैष्णो देवी (जम्मू एवं कश्मीर) एवं वैष्णो देवी (जम्मू एवं कश्मीर) से पटना वापसी यात्रा के निमित छुट्टी यात्रा रियायत (L.T.C.) की सुविधा प्रदान की जाती है ।

अध्यक्ष, बिहार विधान–सभा के आदेश से,
सुधीर कुमार सिंह, अवर सचिव।

पथ निर्माण विभाग

अधिसूचनाएं
5 मार्च 2025

सं0 निग/सारा–(निगम) वि०नि०ई०था०कां०–04/2022–1868(s)––बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के पत्रांक–2447 अनु0 दिनांक–18.08.2022 के साथ संलग्न पुलिस अधीक्षक, विशेष निगरानी इकाई, पटना के पत्रांक–1073 दिनांक–17.08.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि श्री अरूण कुमार, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लिमिटेड पटना के विरूद्ध रिश्वत लेने से संबंधित मामले में धारा–7 भ्र०नि०अधि०, 1988 के तहत विशेष निगरानी इकाई थाना कांड संख्या–11/2022, दिनांक–16.08.2022 दर्ज किया गया है। पुनः निगम के पत्रांक– 2676 दिनांक– 05.09.2022 के साथ संलग्न पुलिस अधीक्षक, विशेष निगरानी इकाई, पटना के पत्रांक–1139/11/2022/SVU/Pat, दिनांक–05.09.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि विशेष निगरानी इकाई, पटना के गठित धावा दल के द्वारा दिनांक–17.08.2022 को श्री कुमार के द्वारा परिवादी श्री गणेश कुमार से रू0 50,000/–(पच्चास हजार रूपये) रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से आदेशानुसार उन्हें दिनांक–18.08.2022 से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इनके गृह तलाशी के क्रम में रू0 **19,50,000**/– (उन्नीस लाख पच्चास हजार रूपये) की राशि एवं कुछ संदेहात्मक दस्तावेज जब्त किये गये है, जिसकी जाँच की जा रही है। प्रश्नगत मामले में सम्यक् विचारोपरांत विभागीय अधिसूचना सं0–5503 (एस) दिनांक–04.11.2022 के द्वारा श्री अरूण कुमार, तत्कालीन कार्यपालक अभिंयता (कार्यकारी व्यवस्था के तहत अधीक्षण अभियंता), बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–9 (2)–क के अन्तर्गत दिनांक–17.08.2022 के प्रभाव से निलंबित किया गया।

2. श्री कुमार द्वारा उपर्युक्त विशेष निगरानी थाना कांड में माननीय न्यायालय, विशेष न्यायाधीश, निगरानी, पटना से निर्गत मुक्ति आदेश के आलोक में दिनांक–02.01.2023 को केन्द्रीय कारा, बेउर से मुक्त होने का संदर्भ देते हुए दिनांक–03.01.2023 के पूर्वाह्न में विभाग में योगदान समर्पित किया गया।

3. प्रश्नगत मामले में सम्यक विचारोपरांत विभागीय अधिसूचना सं0–2106 (एस) दिनांक–12.04.2023 द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 9 (3) (i) के प्रावधान के आलोक में श्री कुमार के

द्वारा दिनांक–03.01.2023 के पूर्वाह्न में योगदान समर्पित किये जाने की तिथि से उन्हे निलंबन मुक्त करते हुए उनके योगदान को स्वीकृत किया गया।

4. श्री कुमार के विरूद्ध दर्ज विशेष निगरानी इकाई थाना कांड संख्या–11/2022, दिनांक–16.08.2022 सम्प्रति अनुसंधानरत रहने एवं पूर्व में इनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई किये जाने पर भी निर्णय लिए जाने के कारण सम्यक विचारोपरांत बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 9 (3) (ii) के प्रावधान के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–2108 (एस) दिनांक 12.04.2023 के द्वारा योगदान की तिथि 03.01.2023 के प्रभाव से पुनः निलंबित किया गया।

5. तदोपरांत बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम तथा पुलिस अधीक्षक, विशेष निगरानी इकाई, पटना से प्राप्त प्रतिवेदन एवं विभाग में उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर श्री कुमार के विरूद्ध आरोप पत्र गठित करते हुए विभागीय पत्रांक–3035 (एस) दि० 31.05.2023 के द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उक्त के आलोक में उनके अभ्यावेदन दिनांक–09.06.2023 के द्वारा कुल चार बिन्दुओ के तहत साक्ष्य/अभिलेख की माँग की गयी। उक्त के आलोक में विभागीय पत्रांक–5367 (एस) दिनांक–05.09.2023 के द्वारा उनको निदेश दिया गया कि स्वयं संबंधित कार्यालय से संपर्क कर उक्त अभिलेख प्राप्त कर सकते है। तदोपरांत उनके पत्रांक–शून्य दिनांक–06.02.2024 के द्वारा बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम से वांछित साक्ष्य/अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये जाने का उल्लेख करते हुए पूर्व में समर्पित पत्रांक–शून्य दिनांक–09.06.2023 में याचित अभिलेख विभाग के स्तर से ही उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त के आलोक में विभागीय पत्रांक–3421 (एस) अनु0 दिनांक–22.07.2024 के द्वारा वाछित अभिलेख उपलब्ध कराने हेतु बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना से अनुरोध किया गया। निगम के पत्रांक–4704 अनु0 दिनांक–19.11.2024 के द्वारा द्वारा श्री कुमार के पत्रांक–शून्य दिनांक–09.06.2023 के कंडिका–02 से 04 में याचित अभिलेख विभाग को उपलब्ध कराया गया, जिसे विभागीय पत्रांक–205 (एस) अनु0 दिनांक–09.01.2025 के द्वारा श्री कुमार को भेजते हुए सात दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण उतर समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। परंतु वांछित स्पष्टीकरण उतर सम्प्रति अप्राप्त है।

6. इसके साथ हीं आलोच्य मामले में श्री कुमार के विरूद्ध अभियोजन स्वीकृति हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में विधि विभाग के आदेश ज्ञापांक–341/जे०, दिनांक 06.07.2023 के द्वारा अभियोजन स्वीकृत्यादेश निर्गत है। इस मामले में इनके विरूद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र दायर किये जाने की सूचना सम्प्रति अप्राप्त है।

7. इसी क्रम में श्री कुमार निलंबन अवधि में हीं दिनांक–31.12.2024 को वार्धक्य रूप से सेवानिवृत हो गये है। वित्त विभाग के पत्र ज्ञापांक–12753 दिनांक–26.11.1970 में निहित प्रावधानों के आलोक में श्री अरूण कुमार, तत्कालीन कार्यपालक अभिंयता (कार्यकारी व्यवस्था के तहत अधीक्षण अभियंता), बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना सम्प्रतिः निलम्बन अवधि में सेवानिवृत को उनके सेवानिवृति की तिथि–31.12.2024 के अपराह्न से निलंबन मुक्त किया जाता है, जिसका कोई प्रतिकूल प्रभाव इनके विरूद्ध की जा रही अनुशासनिक कार्रवाई पर नहीं पड़ेगा।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शीर्षत कपिल अशोक, विशेष सचिव।

---

20 मार्च 2025

सं0 निग/सारा–मुक0–16/2024–2496(s)––एन०आर०ई०पी० सहरसा के पदस्थापन काल में श्री हरि किशोर सिन्हा, सम्प्रति सेवानिवृत्त सहायक अभियंता को दिनांक–14.03.2007 को निगरानी धावा दल द्वारा रंगे हाथ रू0 2000/– रिश्वत लेते गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजे जाने एवं इनके विरूद्ध निगरानी थाना कांड सं0 35/2007 दर्ज किये जाने के आलोक में इन्हे अधिसूचना सं0–5489 (एस) दिनांक–26.04.2007 के द्वारा दिनांक–14.03.2007 से अगले आदेश तक निलंबित करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–12404 (एस) अनु0 दिनांक–26.10.2007 के द्वारा श्री सिन्हा के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–17 के अधीन विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

2. इसी बीच श्री सिन्हा द्वारा दिनांक–14.11.2007 को जमानत पर रिहा होने के पश्चात दिनांक–15.11.2007 को योगदान समर्पित किये जाने के आलोक में विभागीय अधिसूचना सं0–14578 (एस) दिनांक–14.12.2007 के द्वारा श्री सिन्हा को योगदान की तिथि 15.11.2007 से निलंबनमुक्त किया गया।इसके साथ हीं विभागीय अधिसूचना सं0–14585 (एस) दिनांक–14.12.2007 के द्वारा पुनः तत्कालिक प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित करते हुए निलंबन अवधि में अनुमान्य जीवन निर्वाह भतादिये जाने का निर्णय लिया गया।

3. श्री सिन्हा के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–13/सी अनु0 दिनांक–23.01.2014 द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन मे आरोप को प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया। संचालन पदाधिकारी के द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए विभागीय अधिसूचना सं0–3928 (एस) दिनांक–20.05.2014 द्वारा श्री सिन्हा को तत्कालिक प्रभाव से सेवा से बर्खास्त किया गया।

4. उक्त संसूचित दंडादेश के विरूद्ध श्री सिन्हा के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में C.W.J.C No.-961/15 दायर किया गया, जिसमें दिनांक–16.04.2018 को पारित आदेश के आलोक में विभागीय संकल्प ज्ञापांक–7165

(एस) दिनांक–17.09.2018 एवं संकल्प ज्ञापांक–7465(एस) दिनांक–26.09.2018 (संशोधन) के द्वारा श्री सिन्हा के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 (बी०) के तहत नये सिरे से विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की गयी।

5. माननीय न्यायालय के उक्त पारित न्यायादेश के आलोक में अधिसूचना सं0–7159 (एस) दिनांक–17.09.2018 द्वारा दंडादेश अधिसूचना सं0–3928 (एस) दिनांक–20.05.2014 को वापस लेते हुए श्री सिन्हा के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के तहत सम्परिवर्तित कर नए सिरे जाँच की कार्यवाही प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ हीं अधिसूचना सं0–7161 (एस) दिनांक–17.09.2018 के द्वारा श्री सिन्हा को उनके बर्खास्तगी की तिथि 20.05.2014 के प्रभाव से निलंबित समझे जाने तथा बर्खास्तगी की तिथि से सेवानिवृति की तिथि 31.12.2014 तक मात्र जीवन निर्वाह भता अनुमान्य किया गया। तदोपरांत संकल्प ज्ञापांक–8174 (एस) अनु0 दिनांक–26.10. 2018 के द्वारा विभागीय जाँच आयुक्त के अधीन विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

6. श्री सिन्हा के विरूद्ध नए सिरे से संचालित विभागीय कार्यवाही संख्या–48/18 में प्रधान सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग–सह–जाँच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के पत्रांक–65 दिनांक–21.04.2023 के द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन मे आरोप को प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया। संचालन पदाधिकारी के द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत जाँच प्रतिवेदन में अंकित मंतव्य/अनुशंसा से सहमत होते हुए विभागीय पत्रांक–2890 (एस) अनु0 दिनांक–25.05.2023 के द्वारा श्री सिन्हा से प्रमाणित पाये गये आरोपों के संदर्भ में लिखित अभिकथन के रूप में द्वितीय कारण–पृच्छा की माँग की गयी।

7. उक्त के आलोक में श्री सिन्हा के पत्रांक–शून्य दिनांक–22.06.2023 के द्वारा विभाग को समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर में अंकित तथ्यों के विभागीय समीक्षोपरान्त स्वीकार योग्य नहीं पाये जाने तथा उनके विरूद्ध गठित आरोप को प्रमाणित पाये जाने की स्थिति में बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 (बी) के तहत**''पेंशन शून्य''** किये जाने के दंड प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का निर्णय प्राप्त किया गया।

8. अनुमोदित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक–4918 (एस) अनु0 दिनांक–14.08.2023 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग से सहमति/परामर्श की अपेक्षा की गयी। बिहार लोक सेवा आयोग ने अपने पत्रांक–2728 दिनांक–02.11.2023 द्वारा प्रश्नगत मामले में पूर्व में पत्रांक 2831 दिनांक–25.03.2014 द्वारा दिये गये परामर्श का संदर्भ देते हुए सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के अधिसूचना सं0–9794 दिनांक–22.07.2019 के कंडिका–7 के आलोक में आयोग का परामर्श आवश्यक नही रहने की स्थिति में विभागीय प्रस्ताव को बिना आयोग के परामर्श के वापस किया गया।

9. उपर्युक्त की गयी समीक्षा के आलोक में आरोपी श्री हरि किशोर सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, सहरसा सम्प्रति सेवानिवृत्त के द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर स्वीकार योग्य नहीं पाये जाने तथा उनके विरूद्ध गठित आरोप को प्रमाणित पाये जाने की स्थिति में विभागीय अधिसूचना संख्या–1953(एस) दिनांक–02.05.2024 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के तहत श्री सिन्हा के विरूद्ध पेंशन शून्य किये जाने का दण्ड अधिरोपित किया गया है।

10. श्री सिन्हा के द्वारा उक्त दण्डादेश के विरूद्ध Memorial दिनांक–24.06.2024 विभाग को समर्पित किया गया। साथ हीं उक्त दण्ड के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय में CWJC No.-13953/2024 हरि किशोर सिन्हा बनाम बिहार राज्य एवं अन्य दायर किया गया, जिसमें विभाग की ओर से प्रतिशपथ–पत्र दायर किये जाने के पूर्व ही दिनांक–12.09.2024 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मामले को निम्न निदेश के साथ Disposed off कर दिया गया :–

In this background, it transpires to this Court that the statutory Memorial is pending before the Respondent No.3. As such, the present writ petition is hereby disposed off directing the Respondent No.3 (The Additional Chief Secretary, Road Construction Department, Govt. of Bihar) to pass final order on the said Memorial within 3 months from the date of production of this order.

11. उक्त न्यायादेश के अनुपालन में श्री सिन्हा के पत्रांक–शून्य दिनांक–16.09.2024 के माध्यम से विभाग में Memorial समर्पित किया गया। श्री सिन्हा के समर्पित Memorial में मुख्य रूप से अंकित कंडिकावार तथ्य एवं विभाग के द्वारा किये समीक्षा निम्नवत है :–

(i) प्राप्त Memorial की कंडिका–1 से 5 तक में श्री सिन्हा ने इनके विरूद्ध दर्ज निगरानी थाना काण्ड संख्या–35/2007 के घटनाक्रम से संबंधित तथ्यों को अंकित किया है, जिसके संबंध में अग्रतर निर्णय माननीय न्यायालय द्वारा लिया जाना अपेक्षित है। प्रश्नगत मामला सम्प्रति माननीय निगरानी न्यायालय में विचाराधीन है।

(ii) Memorial की कंडिका–6 में श्री सिन्हा ने मुख्यतः अंकित किया है कि उनके विरूद्ध गठित आरोप पूर्णतः इनके विरूद्ध निगरानी द्वारा दायर FIRपर आधारित है। इसी क्रम में श्री सिन्हा द्वारा Capt. M. Paul Anthony Vs. Bharat Gold Mines, AIR 1999 SC 1416 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश का संदर्भ देते हुए विभागीय कार्यवाही को आपराधिक काण्ड के फलाफल तक रोके जाने का तर्क दिया गया है।

(iii) उक्त के संबंध में Capt. M. Paul Anthony Vs. Bharat Gold Mines, AIR 1999SC 1416 मे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश का अवलोकन से स्पष्ट होता है कि आपराधिक काण्ड के निष्पादन होने तक

विभागीय कार्यवाही को रोके रखा जाना Mandatory नहीं है, बल्कि कई स्थितियों में विभागीय कार्यवाही एवं आपराधिक कार्यवाही को समानान्तर रूप से चलाये जाने का भी अभिमत है। यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि प्रस्तुत मामले में श्री सिन्हा के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर CWJC No.-961/2015 में दिनांक–16.04.2018 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में श्री सिन्हा के विरूद्ध नये सिरे से बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के तहत विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। वर्त्तमान में संचालित विभागीय कार्यवाही को नियमानुसार अंतिम रूप से निष्पादित किया जा चुका है और श्री सिन्हा के विरूद्ध दण्ड अधिरोपित किया जा चुका है। अब श्री सिन्हा द्वारा विभागीय कार्यवाही को लंबित रखे जाने का तर्क दिये जाने का कोई औचित्य नहीं हैं।

(iii) Memorial की कंडिका–7 में श्री सिन्हा ने मुख्यतः परिवादी श्री संतोष कुमार झा के विभागीय कार्यवाही में प्रतिपरीक्षण नहीं किये जाने के आलोक में इनके विरूद्ध गठित आरोप को unsubstantiatedबताया गया है। साथ ही इनके विरूद्ध निगरानी पदाधिकारी द्वारा लगाये गये आरोप को झूठा बताया गया है।

(iv) श्री सिन्हा के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में प्राप्त जाँच प्रतिवेदन में मामले से संबंधित गवाह (1) श्री महेश कुमार, सेवानिवृत पुलिस अवर निरीक्षक, (2) श्री प्रकाश कुजुर, तत्कालीन सिपाही–सह–सत्यापनकर्त्ता, (3) श्री चन्द्रभूषण कुमार सिंह, अवर निरीक्षक, (4) श्री पवन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक तथा (5) श्री ललन प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक का परीक्षण कराये जाने का उल्लेख है। उल्लेखनीय है कि Trap से संबंधित मामलों में सामान्य प्रशासन विभाग का पत्रांक–12787 दिनांक–28.08.2015 के कंडिका–8 के अनुसार दो या तीन गवाहों की गवाही को पर्याप्त माना गया है।

(v) Memorial की कंडिका–8 एवं 9 में श्री सिन्हा ने मुख्यतः योजना के कार्यान्वयन से संबंधित कतिपय प्रावधान तथा मामले में परिवादी श्री संतोष कुमार झा के द्वारा योजना की तकनीकी स्वीकृति से संबंधित होने के बिन्दुओं को अंकित किया है।

(vi) उक्त के संबंध में समीक्षोपरांत पाया गया कि वर्णित बिन्दु श्री सिन्हा के विरूद्ध माननीय न्यायालय में विचाराधीन निगरानी थाना काण्ड संख्या–35/2007 से संबंधित है। इस संबंध में माननीय न्यायालय द्वारा विचार किया जाना है।

12 उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में श्री सिन्हा के समर्पित Memorial की कंडिकावार समीक्षा के उपरान्त पाया गया कि इनके Memorial में कोई ठोस तथ्य/साक्ष्य समर्पित नहीं किया गया है, जिससे इनके विरूद्ध गठित आरोप का खण्डन हो सके। अतएव श्री सिन्हा के समर्पित Memorialको उक्त के आलोक में अस्वीकृत किया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शीर्षत कपिल अशोक, विशेष सचिव।

---

2 अप्रील 2025

सं0 निग/सारा–6 (मं0नि0)द0बि0(ग्रा0)–21/2007–2856(s)— श्री विनय कुमार सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता–सह–वरीय परियोजना अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम पटना प्रमंडल सं0–02, सम्प्रतिः सेवानिवृत द्वारा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना प्रमंडल सं0–02 के पदस्थापन काल में रंगे हाथों रिश्वत लेने के आरोप में दिनांक–24.10.2007 को गिरफ्तार होने तथा उनके विरूद्ध दर्ज निगरानी थाना कांड सं0–119/2007 के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–13679 (एस), दिनांक 29.11.2007 के द्वारा उन्हें दिनांक–24.10.2007 से अगले आदेश तक निलंबित करते हुए उनके विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–17 के तहत विभागीय संकल्प ज्ञापांक–11992 (एस) अनु0 दिनांक–15.09.2008 के द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। उक्त संचालित विभागीय कार्यवाही में उनके विरूद्ध गठित आरोप निम्नवत है :–

(i) वरीय परियोजना अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना प्रमण्डल संख्या–02 पटना के पदस्थापन काल में श्री हरेन्द्र सिंह संवेदक, सुधीर कुमार सिंह संवेदक निबंधन संख्या–41 (2007–08) के पार्टनर से नगरा, छपरा जिला के खैरा सत्तरघाट में 6वें कि०मी० में नगरा बाजार के उत्तर तरफ गंडक नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण कार्य के मामले में श्री सिंह द्वारा 20,000/– (बीस हजार) रूपये रिश्वत की मांग की गयी। प्राप्त शिकायत पत्र पर निगरानी अन्वेषण ब्यूरों के गठित धावा दल द्वारा दिनांक–24.10.2007 को पटना स्थित कार्यालय से 20,000/– (बीस हजार) रूपये के साथ रिश्वत लेते रंगे हाथ श्री सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस प्रकार आपने बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली–1976 के नियम–3 का उल्लंघन कर भ्रष्ट आचरण किया है और इसके लिए आप दोषी हैं।

2. संचालित विभागीय कार्यवाही में विभागीय जाँच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–700 दिनांक–27.08.2012 द्वारा उक्त संचालित विभागीय कार्यवाही से संबंधित जाँच प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया गया। प्राप्त जाँच प्रतिवेदन की समीक्षोपरान्त सक्षम प्राधिकार के आदेश से बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–18(1) में निहित प्रावधान के तहत पुर्नजाँच हेतु विभागीय पत्रांक–7904 (एस) अनु० दिनांक–03.10.2013 द्वारा विभागीय जाँच आयुक्त, बिहार, पटना को भेजी गयी।

3. इसी बीच विभागीय कार्यवाही सम्पन्न होने के पूर्व ही श्री विनय कुमार सिंह, दिनांक–31.12.2021 को सेवानिवृत हो जाने की स्थिति में इनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को विभागीय संकल्प ज्ञापांक–5986(एस) दिनांक–08.12.2022 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 (बी) के तहत सम्परिवर्तित किया गया। साथ हीं वित विभाग के पत्र ज्ञापांक–12753 दिनांक–26.11.1970 में निहित प्रावधानों के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–5956(एस) सहपठित ज्ञापांक–5957(एस) दिनांक–07.12.2022 द्वारा श्री सिंह को उनके सेवानिवृति की तिथि–31.12.2021 के अपराहन से निलंबन मुक्त किया गया।

4. सचिव–सह–जाँच आयुक्त, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3429 दिनांक–10.07.2023 द्वारा उक्त संचालित विभागीय कार्यवाही से संबंधित जाँच प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया गया। संचालन पदाधिकारी के द्वारा अपने जाँच प्रतिवेदन के तहत इनके विरूद्ध गठित आरोप को प्रमाणित होने का मंतव्य दिया गया। संचालन पदाधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराये गये जाँच प्रतिवेदन की विभागीय समीक्षा में संचालन पदाधिकारी के मंतव्य से सहमत होते हुए श्री सिंह से विभागीय पत्रांक–6187(एस) अनु० दिनांक–16.10.2023 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा के रूप में लिखित अभिकथन की मांग की गयी।

5. श्री सिंह के द्वारा अपने पत्रांक–शून्य दिनांक–03.11.2023 द्वारा विभाग को द्वितीय कारण पृच्छा का उत्तर समर्पित किया गया। जिसके तहत मुख्य रूप से उल्लेख किया गया है कि परिवाद का सत्यापन संदेह पूर्ण होना, परिवादी का सत्यापन में भाग लेने का कोई साक्ष्य न होना, उनका सत्यापन प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर न होना, रिश्वत के मांग का कोई स्वतंत्र गवाह न होना, कोई विपत्र साक्ष्य के रूप में पटल पर न होना, परिवादी का पार्टनर होने संबंधी कोई साक्ष्य न होना, परिवादी का Post Trap Memo के किसी भी पृष्ठ पर हस्ताक्षर न होना, परिवादी का हाथ न धुलाना, बरामद नोट तथा जब्त पैंट को जाँच हेतु F.S.Lलैब न भेजना, तथा कथित रिश्वत की मांग, लेन–देन, ग्रहण का कोई भी स्वतंत्र गवाह न होना, उनके मांग के बावजूद उनकी ऊँगलियों के निशान की जाँच बरामद नोटो पर न कराना, इसके बावजूद प्रस्तुतीकरण द्वारा Preponderance of Probability के आधार पर आरोप को प्रमाणित पाये जाने का मंतव्य दिया जाना बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) के नियम का उल्लंघन है। श्री सिंह द्वारा रिश्वत की घटना को सुनियोजित बताते हुए अपने उपर लगे आरोपों से इन्कार किया गया है।

6. आरोपी श्री सिंह के द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि आरोपी श्री सिंह द्वारा अपने उत्तर में कोई नया तथ्य, तर्क एवं साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। उनके द्वारा संचालन पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये गये तथ्यों/तर्कों एवं साक्ष्यों को ही नये सिरे से पुनरावृत्ति की गयी है। श्री सिंह का कहना है कि उनके द्वारा संचालन पदाधिकारी के समक्ष रखे गये तथ्यों/तर्कों का खण्डन प्रस्तुतीकरण पदाधिकारियों के द्वारा नहीं किया गया है, जबकि जाँच प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि श्री सिंह के प्रत्येक तथ्यों/तर्कों का प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी द्वारा तार्किक ढंग से खण्डन किया गया है। वैसे भी विभागीय कार्यवाही एक अर्द्धन्यायिक मामला होता है और इसमें प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी द्वारा जो भी तथ्य/तर्क दिये जाते है, वह मायने नहीं रखता है, बल्कि संचालन पदाधिकारी द्वारा आरोपी एवं प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी के द्वारा रखे गये पक्षों, उपलब्ध अभिलेखों/साक्ष्यों, गवाहो के बयानों आदि के आधार पर विश्लेषणोंपरान्त गठित किये गये निष्कर्ष ही महत्वपूर्ण होता है और इस मामले में संचालन पदाधिकारी द्वारा सम्यक विश्लेषण के पश्चात आरोप को प्रमाणित होने का निष्कर्ष दिया गया है।

7. संचालन पदाधिकारी के रूप में जाँच आयुक्त के द्वारा जाँच प्रतिवेदन में अंकित किये गये मुख्यतः निम्नलिखित तथ्यों/अभिमत के आलोक में भी श्री सिंह का द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर स्वीकार योग्य नहीं माना गया :–

(i) विभागीय कार्यवाही के दौरान आरोपित पदाधिकारी द्वारा दिनांक–28.05.2012 के अपने बचाव–बयान में अंकित घटनाक्रम में यह स्वीकार किया गया है कि –

निगरानी टीम के ऑफिसर्स द्वारा वॉकी–टॉक पर कहीं बात की गई और फिर मेरे पैंट के पीछे के पॉकेट से मेरा पर्स निकाला गया तथा टेबुल से मेरा दोनों मोबाईल उठा लिया गया। उसके तुरन्त बाद मुझे गाड़ी में बिठाकर निगरानी ब्यूरो के कार्यालय ले जाया गया। निगरानी थाना में मेरे हाथ का धोवन लिया गया। दाहिने हाथ के धोवन में घोल हल्का गुलाबी हुआ परन्तु बाएं हाथ के धोवन में घोल गुलाबी नहीं हुआ। चूंकि मैंने दाहिने हाथ से लिफाफा खिड़की से बाहर फेंका था इसलिए लिफाफा में लगे फेनौफ्थीलीन पाउडर मेरे अंगुलियों में लग गए होंगे जिस कारण दायें हाथ की अंगुलियों को घोल में डुबाने पर घोल लाल हो गया।

आरोपित पदाधिकारी की इस स्वीकारोक्ति से यह प्रमाणित होता है कि उनके द्वारा रिश्वत की राशि के रूप मे अंकित पैसे अपने हाथों की अंगुलियों से स्पर्श किया गया था। उक्त से आरोपित पदाधिकारी द्वारा निगरानी थाना काण्ड की पूरी घटना अथवा प्री–ट्रैप/पोस्ट ट्रैप मेंमोरेंडम में अंकित सभी बातों को गलत ठहराने का दावा सही नहीं है।

(ii) आरोपित पदाधिकारी ने दिनांक–28.05.2012 को समर्पित अपने बचाव–बयान के विद्वेष शीर्ष से अंकित तथ्यों में यह स्वीकार किया है कि उनके पास संवेदक श्री सुधीर कुमार सिंह के दो अन्य मामलों जो क्रमशः सारण जिलान्तर्गत ताजपुर में आर०सी०सी० पुल निर्माण एवं मुख्यमंत्री सेतु योजना के अर्न्तगत दो पुलों के निर्माण के भी थे।

ऐसी स्थिति में उक्त स्वीकारोक्ति से आरोपित पदाधिकारी के पास श्री सुधीर कुमार सिंह को अनुचित लाभ पहुँचाने के दो अवसर उपलब्ध थे। उक्त से जैसा कि परिवादी श्री हरेन्द्र सिंह स्वीकार करते है कि वे श्री सुधीर कुमार सिंह के

पार्टनर थे तो श्री सुधीर कुमार सिंह के अन्य कार्यों के लिए भी रिश्वत की मांग करने का आरोपित पदाधिकारी के पास औचित्य था।

(iii) इसी तरह दिनांक–28.04.2017 को श्री विजय कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक–सह–धावादल प्रभारी द्वारा परीक्षण के दौरान यह स्वीकार किया है कि आरोपित पदाधिकारी के टेबुल पर से परिवादी के कार्य संबंधी संचिका एन० 50/2006 बरामद हुआ।

उक्त बयान से आरोपित पदाधिकारी के पास परिवादी का कार्य लम्बित रहने की स्थिति बनती है।

(iv) श्री मृत्युंजय कुमार चौधरी, तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक–धावादल सदस्य द्वारा दिनांक–28.04.2017 को परीक्षण के दौरान, आरोपी के टेबुल पर से परिवादी के कार्य संबंधी संचिका एन० 50/2006 बरामद होने की बात स्वीकार की गई है।

उक्त बयान से आरोपित पदाधिकारी के पास परिवादी का कार्य लम्बित रहने की स्थिति बनती है।

(v) उपरोक्त तथ्यों एवं साक्षियों के बयानों से इस बात की प्रबल संभावना है कि आरोपित पदाधिकारी द्वारा दिनांक–24.10.2007 को परिवादी से 20,000/– रूपये लेने का कार्य किया गया एवं इसी राशि को लेते समय निगरानी धावादल द्वारा उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरास्त में भेजते हुए निगरानी थाना काण्ड संख्या–119/2007 दर्ज किया गया।

8. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में सम्पूर्ण मामले की विभागीय समीक्षा के उपरान्त पाया गया कि आरोपी श्री सिंह के द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर सुसंगत तथ्यों एवं साक्ष्यों पर आधारित नहीं है और रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के संबंध में श्री सिंह के द्वार ऐसा कोई ठोस अथवा अकाट्य साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिसके आधार पर उन्हें निर्दोष सिद्ध किया जा सके।

9. आरोपी श्री सिंह के विरूद्ध सरकारी कर्त्तव्य के पालन में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने का आरोप सिद्ध होता है, जो गंभीर कदाचार की श्रेणी में है, जिसके फलस्वरूप श्री सिंह की सेवा को सदाचारयुक्त सेवा (Good Services) की मूल भावना के प्रतिकूल कदाचारयुक्त पाया गया। उक्त कृत्य बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के तहत सरकारी सेवक के विहित पदीय दायित्वों के आचरण के प्रतिकूल है।

10. उपर्युक्त की गयी समीक्षा के आलोक में श्री सिंह के द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर को अस्वीकृत करते हुए इनके विरूद्ध प्रमाणित आरोपो के लिए बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) के तहत इनके पेंशन से 50% (पचास प्रतिशत) पेंशन की स्थायी रूप से कटौती किये जाने संबंधी दण्ड प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का निर्णय प्राप्त किया गया।

11. अनुमोदित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक–5263 (एस) अनु0 दिनांक–25.10.2024 के द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग से सहमति/परामर्श की अपेक्षा की गयी। स्मारोपरांत बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक–5087 दिनांक–21.03.2025 से प्राप्त परामर्श में सरकार द्वारा निर्णित दंड पर आयोग द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

अतएव उपर्युक्त के आलोक में आरोपी श्री विनय कुमार सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता–सह–वरीय परियोजना अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, लिमिटेड, पटना सम्प्रति सेवानिवृत के द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर स्वीकार योग्य नहीं पाये जाने तथा उनके विरूद्ध गठित आरोप को प्रमाणित पाये जाने की स्थिति में बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 (बी) के तहत निम्नांकित दंड अधिरोपित किया जाता है :–

(क) इनके पेंशन से 50% (पचास प्रतिशत) पेंशन की स्थायी रूप से कटौती।

(ख) श्री सिंह के निलंबन अवधि का विनियमन नियमानुसार अलग से की जायेगी।

दण्ड प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
संजय कुमार सिन्हा, अवर सचिव।

---

2 अप्रील 2025

सं0 निग/सारा–1 (पथ)–विविध–26/09–2866(s)––श्री अरविन्द कुमार वर्मा, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल पाली, पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना सम्प्रति सेवानिवृत **(दिनांक–31.07.2020)** कार्यपालक अभियंता के उक्त पदस्थापन अवधि में बरती गयी अनियमितता के लिए विभागीय पत्रांक–3020 (एस) दिनांक 13.04.2018 के द्वारा कारण–पृच्छा की मांग की गयी। कारण–पृच्छा उत्तर दिये जाने हेतु श्री वर्मा के द्वारा पत्र दिनांक 17.04.2018 से संबंधित अभिलेखों की मांग की गयी। विभागीय समीक्षा में मामले की गंभीरता को देखते हुए संकल्प ज्ञापांक–3403 (एस), दिनांक 09.05.2018 के द्वारा श्री वर्मा के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। दिनांक 31.07.2020 को सेवानिवृत हो जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को विभागीय संकल्प ज्ञापांक–5701 (एस) दिनांक 30.09.2020 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43(बी) के तहत समपरिवर्तित किया गया। श्री वर्मा के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में गठित आरोप के बिन्दु निम्नवत है :–

(i) CAG प्रतिवेदन 2003–04 की सिविल कंडिका–4.1.2 के तहत वर्ष 1998–99 में पटना पश्चिम, पथ प्रमंडल, पटना अन्तर्गत मसौढ़ी–पितमास–नौबतपुर–खगौल पथ के 11 से 21 कि0मी0 में एकरारनामा संख्या–4 एफ 2/2000–01 एवं

दुल्हिनबाजा–रानी तालाब–पाली–किंजर पथ के 21 से 32 कि0मी0 में एकरारनामा संख्या–135 एफ 2/1998–99 के आलोक में पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के तहत प्रावधानित 2.15 मीटर की चौड़ाई में बॉक्स कटिंग का कार्य एवं चौड़ीकरण वाले भाग में 150 एम0एम0 बालू भराई, 75 एम0एम0 B/F सोलिंग, 75 एम0एम0 स्टोन मेटल ग्रेड–2 एवं 75 एम0एम0 ग्रेड–3 के विरूद्ध 0.915 मीटर में बॉक्स कटिंग एवं इसी चौड़ाई वाले भाग में 150 एम0एम0 बालू भराई, 75 एम0एम0 B/F सोलिंग, 75 एम0एम0 स्टोन मेटल ग्रेड–2 एवं 75 एम0एम0 ग्रेड–3 का कार्य कराया गया, जिससे सभी लेयर में संपीडन विशिष्टियों के अनुरूप नहीं हुआ पाया गया।

(ii) उक्त कार्य में मात्र 44 प्रतिशत ही मिट्टी हटाने का कार्य कर आधार का कार्य एवं पत्थर बिछाने का कार्य कराया गया, जिससे ₹26.66 लाख (छब्बीस लाख छियासठ हजार रूपये) के संदेहास्पद भुगतान के विरूद्ध सी0ए0जी0 के प्रतिवेदन संख्या–548 में लोक लेखा समिति द्वारा संबंधित पदाधिकारियों से ₹26.66 लाख (छब्बीस लाख छियासठ हजार रूपये) की वसूली करने की अनुशंसा की गयी।

(iii) पटना जिला के दुल्हिनबाजार–रानीतालाब, पाली–किंजर पथ के 34 कि0मी0 के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति 5.15 करोड़ रू0 में तथा 4.12 करोड़ रू0 की तकनीकी स्वीकृति देते हुए इसे अगस्त, 1999 तथा फरवरी, 2000 के मध्य पूर्ण करने हेतु कार्य तीन एजेंसियों को आवंटित किया गया। प्रथम भाग का कार्य पूरा हो गया, **किन्तु अन्य दो भागों को प्रदत्त कार्य (1.5 करोड रू0 मूल्य के 9 से 20 कि0मी0 तक तथा 1.74 करोड़ रू0 मूल्य के 21 से 32 कि0मी0 तक) फरवरी, 2004 तक के कार्य अपूर्ण थे।**

(iv) तकनीकी मानक के अनुसार पथ को 1.83 मी0 (3.05 मी0 से 4.88 मी0) चौड़ा करना था तथा बालू एवं अन्य पथ सामग्रियों से भरने हेतु मिट्टी काटने का कार्य करना था, **परन्तु फरवरी, 2004 में यह भी पाया गया कि दूसरी एजेंसी के द्वारा अनुमानित मात्रा के विरूद्ध मात्र 46% तक कार्य पूरा किया गया था एवं तीसरी एजेंसी के द्वारा मिट्टी काटने का कार्य मात्र 39% तक ही पाया गया।**

(v) चूँकि दो एजेंसियों के द्वारा आवश्यक मात्रा में मिट्टी काटने एवं उसे भरने का कार्य पूरा नहीं किया गया और आधार कार्य, ईंट बिछाने का कार्य तथा पत्थर बिछाने का कार्य उससे अधिक क्षेत्र में संभव नहीं था, **फिर भी, दोनों एजेंसियों को इन कार्यों के लिए 87.60 लाख रू0 का भुगतान (46.11 लाख रू0 + 41.49 लाख रू0) किया गया (मार्च, 2001)।**

(vi) इसके अलावा **चूँकि मिट्टी एवं पथ सामग्रियों का मजबूतीकरण वाटर बाउण्ड मैकाडम के तैयार करने के पूर्व नहीं किया गया तथा खुदाई किये गये क्षेत्र में वांछित मिट्टी कार्य नहीं किया गया, साथ–हीं दोनों एजेंसियों द्वारा दर्शाया गया 2.10 करोड़ रू0 का 9 से 32 कि0मी0 तक का कार्य (मार्च, 2001) निश्चित रूप से निम्न स्तर का था।**

(vii) इसीप्रकार, मसौढ़ी–पित्तमास, नौबतपुर–खगौल पथ के चौड़ीकरण तथा मजबूतीकरण के कार्य 3.27 करोड़ रू0 की प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति (जून, 1998) के आलोक में पथ को मिट्टी काटकर (16125 घनमीटर) तथा पथ सामग्रियों से भरकर (बालू, ईंट, एस0एम0जी0–II एवं III) 3.65 मी0 से 5.5 मी0 तक चौड़ा करना था। खुदाई किये हुए क्षेत्र को खुदाई से निकले मिट्टी से भरना था। सामग्रियों तथा मिट्टी भराई कार्य, भरे हुए क्षेत्र का मजबूतीकरण करने के लिए साथ–साथ करना था, **परन्तु मई, 2004 में हुए निरीक्षण तक मात्र 44% ही कार्य हुआ पाया गया। चूँकि मिट्टी हटाये बगैर आधार कार्य तथा पत्थर बिछाने का कार्य नहीं किया जा सकता, 44% से अधिक 26.66 लाख रू0 का बालू भरना, झामा ईंट बिछाना, एस0एम0जी0–II एवं III कार्य जिसका मूल्य 26.66 लाख रू0 था, संभव नहीं था। अतः 26.66 लाख रू0 के पथ चौड़ीकरण का निष्पादन तथा उसका भुगतान संदेहास्पद था।**

(viii) इसके अतिरिक्त, **वाटर बाउण्ड मैकाडम के निर्माण के समय पत्थर डालकर रौलिंग नहीं चलाया गया तथा पथ के बढ़ाये गये चौड़ाई में खोदी गयी मिट्टी नहीं डाली गई, जिससे 89.76 लाख रूपये में किया गया संपूर्ण कार्य निम्नस्तरीय पाया गया।**

2. उक्त विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–645 अनु०, दिनांक 12.03.2022 के द्वारा एतद संबंध जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें उनके विरूद्ध गठित सभी आरोपों को अप्रमाणित प्रतिवेदित किया गया। संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन से असहमति का बिन्दु सृजित करते हुए विभागीय पत्रांक–760 (एस) दिनांक 15.02.2024 द्वारा श्री वर्मा से सृजित असहमति के बिन्दु पर लिखित अभिकथन के रूप में द्वितीय कारण–पृच्छा की मांग की गयी । श्री वर्मा ने द्वितीय कारण–पृच्छा का उत्तर समर्पित किया, जो इस विभाग में दिनांक 21.03.2024 को प्राप्त है, में उन्होंने आरोप से संबंधित दो पथों को बाँटते हुए अंकित किया है कि–दुल्हिन बाजार–रानी–तालाब–पाली किंजर पथ उनके कार्यकाल से सबंधित है और उससे जुड़ी हुई सभी आरोप प्रक्रियात्मक प्रशासनिक विफलता के संबंध में है, जो बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के तहत Grave misconduct के तहत नहीं है तथा इसे Pecuniary loss का मामला नहीं बनता है, जबकि मसौढ़ी–पितमास–नौबतपुर–खगौल पथ का कार्य उनके कार्यकाल से संबंधित नहीं है।

3. मामले की विभागीय समीक्षा की गयी, जिसके क्रम में आलोच्य कार्य से संबंधित दो पथों से संबंधित आरोपों की स्थिति निम्नवत है :–

(i) दुल्हिनबाजार–रानीतालाब–पाली–किंजर पथ

लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इस पथ कार्य को अगस्त 1999 से फरवरी 2000 तक पूर्ण करने के लिए तीन एजेन्सी को दिया गया था, लेकिन कार्य फरवरी 2004 तक अपूर्ण था। श्री वर्मा के विरूद्ध गठित आरोपों में से आरोप सं०–(i) (आंशिक रूप से) (iii), (iv), (v) एवं (vi) का संबंध उक्त पथ कार्य से है।

(ii) मसौढ़ी–पितमास–नौबतपुर–खगौल पथ

लेखा परीक्षा प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि इसके चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य आरंभ करने के लिए सितम्बर 2000 में तीन एजेन्सियों को आवंटित किया गया। इस कार्य को नवम्बर 2001 तक पूरा होना था, लेकिन मई 2004 तक यह कार्य पूर्ण नहीं हुई थी। आरोप संख्या–(i) (आंशिक रूप से), (ii), (vii) एवं (viii) का संबंध उक्त पथ कार्य से है।

4. संचालन पदाधिकारी से प्राप्त विभागीय कार्यवाही के जाँच फोल्डर में श्री वर्मा का प्रभार प्रतिवेदन रक्षित है, जिसके अवलोकन से स्पष्ट होता है कि कार्य से संबंधित स्थान पर उनका पदस्थापन अवधि दिनांक 06.07.1999 से 06.03.2001 तक है। इससे यह प्रतीत होता है कि श्री वर्मा उक्त दोनों पथों में से सिर्फ प्रथम पथ दुल्हिनबाजार–रानीतालाब–पाली–किंजर पथ से संबंधित है, जबकि दूसरा पथ उनके कार्यकाल से संबंधित नहीं है। उल्लेखनीय है कि लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के अनुसार रुपये 26.66 लाख का संदेहास्पद भुगतान के लिए समानुपतिक वसूली का आदेश दूसरा पथ मसौढ़ी–पितमास–नौबतपुर–खगौल पथ से संबंधित है। इस तरह कार्य से संबंधित नहीं रहने के कारण श्री वर्मा से समानुपातिक वसूली का मामला नहीं बनता हैं।

5. प्रथम पथ–दुल्हिनबाजार–रानीतालाब–पाली–किंजर पथ से संबंधित आरोप संख्या–(i) (आंशिक रूप से) (iii), (iv), (v) एवं (vi) प्रक्रियात्मक प्रशासनिक विफलता की प्रकृति का है, जिसके लिए जमीन पर कार्य की मात्रा से अधिक भुगतान, कार्य की गुणवत्ता का निम्न स्तर का पाया जाना, कार्य की धीमी प्रगति आदि Grave misconduct के तहत ही परिगणित होगा। इसके अतिरिक्त उल्लेखनीय है कि इन आरोपों के बचाव के लिए श्री वर्मा ने कोई ठोस साक्ष्यगत आधार प्रस्तुत नहीं किया है। अतः इस पथ से संबंधित आरोप को प्रमाणित माना जा सकता है।

उपर्युक्त विभागीय समीक्षोपरांत प्रमाणित पाये गये आरोपों के संबंध में श्री अरविन्द कुमार वर्मा, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल पाली, पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना सम्प्रति सेवानिवृत **(दिनांक–31.07.2020)** कार्यपालक अभियंता के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के तहत '' **दो वर्षो के लिए 05% पेंशन की कटौती''** के दण्ड प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त हुआ।

6. उक्त अनुमोदित दण्ड प्रस्ताव पर नियमानुसार विभागीय पत्रांक–5194 (एस), दिनांक 23.10.2024 के द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग से परामर्श की मांग की गयी। बिहार लोक सेवा आयोग ने पत्रांक–5085, दिनांक 21.03.2025 के द्वारा अपना परामर्श उपलब्ध कराया, जिसमें अनुमोदित दण्ड प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गयी है। अतः सम्यक समीक्षोपरांत श्री अरविन्द कुमार वर्मा, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल पाली, पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना सम्प्रति सेवानिवृत **(दिनांक–31.07.2020)** कार्यपालक अभियंता के द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर को अस्वीकृत करते हुए उनके विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के तहत निम्नलिखत दण्ड अधिरोपित किया जाता है :–

'' **दो वर्षो के लिए 05% पेंशन की कटौती।''**

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, **अवर सचिव।**

---

2 अप्रील 2025

सं0 निग/सारा–1 (पथ)–आरोप–36/2021–2869(s)—श्री इन्द्रदेव पण्डित, तत्कालीन कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, जमुई सम्प्रति सेवानिवृत सहायक अभियंता के उक्त पदस्थापन काल में नाबार्ड योजनान्तर्गत लक्ष्मीपुर–जिनहारा–धमना–झाझा पथ के निर्माण कार्य में पायी गयी अनियमितता संबंधी एकमात्र आरोप के लिए विभागीय पत्राक–456 (एस) दिनांक 15.01.2018 के द्वारा उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उन्होंने पत्रांक–शून्य, दिनांक 26.07.2018 के द्वारा अपना स्पष्टीकरण उत्तर समर्पित किया, जिसके विभागीय समीक्षोपरांत इसे संतोषजनक नहीं पाते हुए उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया। विभागीय संकल्प ज्ञापांक–5053 (एस) दिनांक 06.10.2021 के द्वारा श्री पण्डित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसे उनके दिनांक 30.11.2023 को सेवानिवृति के फलस्वरूप विभागीय संकल्प ज्ञापांक–966 (एस) दिनांक 23.02.2024 के द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के तहत सम्परिवर्तित किया गया। श्री पण्डित के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में आरोप का एकमात्र बिन्दु निम्नवत् है :–

'' पथ के 10वें एवं 21वें कि०मी० में कराये गये BM Gr.-II कार्य में प्रयुक्त अलकतरा के औसत मान क्रमशः 2.57% एवं 2.54% पायी गयी है। पूरे पथ के लिए अलकतरा की औसत मान BM Gr.-II 2.56% पायी गयी है, जो प्राक्कलन में प्रावधानित अलकतरा की मात्रा 3.3% के लिए विभागीय Tolerance Limit (2.94) से कम है।''

2. संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–1407 अनु०, दिनांक 29.06.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें श्री पण्डित के विरूद्ध गठित आरोप को अप्रमाणित होने संबंधी मंतव्य गठित किया गया। संचालन पदाधिकारी के मंतव्य से असहमति का बिन्दु सृजित करते हुए विभागीय पत्रांक–6243 (एस) दिनांक 17.10.2023 के द्वारा उनसे लिखित अभिकथन के

रूप में द्वितीय कारण–पृच्छा की मांग की गयी। श्री पण्डित ने पत्र दिनांक 04.01.2024 के द्वारा अपना द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर समर्पित किया।

3. श्री पण्डित ने अपने द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर में पथ की गुणवत्ता जाँच में TRI द्वारा गलत विधि का प्रयोग किये जाने को मुख्य आधार बनाया है, साथ ही उन्होंने अंकित किया है कि अगर TRI द्वारा गुणवत्ता की जाँच सही विधि से की गयी होती तो जाँच प्रतिफल Tolerance Limit से अधिक आता। श्री पण्डित के उत्तर पर विभागीय तकनीकी समिति के मंतव्य की मांग की गयी, जिसमें उनके Testing के Method संबंधी तर्क को समिति के द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि उड़नदस्ता जाँच में स्पष्ट रूप से अलकतरा का औसत मान निर्धारित Tolerance Limit से कम पायी गयी है, जिसके संबंध में श्री पण्डित ने कोई ठोस साक्ष्यगत बचाव का तर्क प्रस्तुत नहीं किया है। अतः उनके द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर को स्वीकृत किये जाने का कोई युक्तिसंगत अवसर प्रतीत नहीं होता है।

4. उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में सम्यक विभागीय समीक्षोपरांत श्री इन्द्रदेव पण्डित, तत्कालीन कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, जमुई सम्प्रति सेवानिवृत सहायक अभियंता के द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर को सक्षम प्राधिकार के स्तर से अस्वीकृत करते हुए उनके विरूद्ध प्रमाणित पाये गये एकमात्र आरोप के संबंध में बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के तहत **''05 प्रतिशत पेंशन की कटौती 02 (दो) वर्षो तक''** के दण्ड को संसूचित किये जाने का निर्णय लिया गया।

5. उपर्युक्त निर्णित दण्ड पर नियमानुसार विभागीय पत्रांक–6101 (एस) दिनांक 02.12.2024 के द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग से सहमति/परामर्श की मांग की गयी। बिहार लोक सेवा आयोग ने पत्रांक–5086, दिनांक 21.03.2025 के द्वारा उक्त निर्णित दण्ड पर सहमति व्यक्त किया है। अतः सम्यक समीक्षोपरांत श्री इन्द्रदेव पण्डित सेवानिवृत सहायक अभियंता के विरूद्ध निम्नलिखित दण्ड अधिरोपित किया जाता है :–

''05 प्रतिशत पेंशन की कटौती 02 (दो) वर्षो तक''

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, **अवर सचिव।**

---

4 मार्च 2025

सं0 निग/सारा–01 (पथ) आरोप–33/2019–1827(s)**––**श्री सूरज प्रकाश, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल डिहरी–ऑन–सोन सम्प्रति सहायक अभियंता, मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ (उत्तर), पथ निर्माण विभाग के कार्यालय में प्रतिनियुक्त के पथ प्रमंडल डिहरी–ऑन–सोन के पदस्थापन अवधि में अकबरपुर–यदुनाथपुर पथ के कि०मी० 24.50 से 45.60 (कुल 21.10 कि०मी०) में पथ संधारण कार्य सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के प्राक्कलन गठन में पायी गयी अनियमितता के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–9658 (एस) दिनांक 06.11.2019 द्वारा उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए संकल्प ज्ञापांक–9839 (एस) दिनांक 13.11.2019 के द्वारा उनके विरूद्ध गठित आरोपों के लिए विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

2. संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–147 अनु०, दिनाक 31.03.2023 के द्वारा एतद संबंधी जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें श्री प्रकाश के विरूद्ध गठित सभी चार आरोपों को आंशिक रूप से प्रमाणित होने संबंधी मंतव्य प्रतिवेदित किया गया। संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन से सहमत होकर इसकी प्रति संलग्न करते हुए विभागीय पत्राक–3766 (एस) दिनांक 03.07.2023 के द्वारा श्री प्रकाश से लिखित अभिकथन के रूप में द्वितीय कारण–पृच्छा की मांग की गयी। श्री प्रकाश ने पत्रांक–30 अनु०, दिनांक 14.07.2023 के द्वारा द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर समर्पित किया, जिसके विभागीय समीक्षोपरांत प्रमाणित पाये गये आरोपों के संबंध में अधिसूचना संख्या–4555 (एस), दिनांक 18.09.2024 के द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिया गया :–

(i) श्री प्रकाश के विरूद्ध प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम–14 (iv) के तहत इनको 02 (दो) वर्षो की अवधि के लिए संचयी प्रभाव के बिना कालमान वेतन में निम्नतर प्रक्रम पर अवनति का दण्ड।

(ii) इनको तत्काल प्रभाव से निलंबन मुक्त किया जाता है। इनके निलंबन अवधि के विनियमन के संबंध में अलग से नियमानुसार कारण–पृच्छा किया जायेगा।

3. श्री प्रकाश के निलंबन अवधि दिनांक 06.11.2019 से 1809.202 के विनियमन के संबंध में लिये गये उक्त निर्णय के आलोक में विभागीय पत्रांक–5498 (एस) दिनांक 11.11.2024 के द्वारा उनसे कारण–पृच्छा की मांग की गयी। श्री प्रकाश ने पत्रांक–शून्य, दिनांक 21.11.2024 के द्वारा अपना कारण–पृच्छा उत्तर समर्पित किया, जिसमें उनके द्वारा मुख्य रूप से अंकित किया गया है कि उन्होंने संसूचित दण्डादेश के विरूद्ध पूर्व में पत्रांक–शून्य, दिनांक 30.09.2024 के द्वारा पुनर्विचार अभ्यावेदन समर्पित किया है, जिसमें उनके संसूचित दण्ड के विरूद्ध पर्याप्त तथ्य दिया गया है, जिसके अवलोकन से स्पष्ट होगा कि दिनांक 06.11.2019 से 18.09.2024 तक उनको निलंबित रखने का कोई औचित्य नहीं है।

4. उल्लेखनीय है कि श्री सूरज प्रकाश, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल डिहरी–ऑन–सोन सम्प्रति सहायक अभियंता, मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ (उत्तर), पथ निर्माण विभाग के कार्यालय में प्रतिनियुक्त, के पुनर्विचार अभ्यावेदन पर सम्यक समीक्षोपरांत इसे विभागीय अधिसूचना संख्या–867 (एस), दिनांक 05.02.2025 एवं इससे संबंधित शुद्धि

पत्र संख्या–1065 (एस) दिनांक 11.02.2025 के द्वारा अस्वीकृत करने का निर्णय लिया गया है। अतः इस आधार पर श्री प्रकाश के निलंबन अवधि के विनियमन से संबंधित पत्रांक–शून्य, दिनांक 21.11.2024 को अस्वीकृत करते हुए उनके निलंबन अवधि दिनांक 06.11.2019 से 18.09.2024 तक को निम्नरूपेण विनियमित किया जाता है :–

(i) श्री सूरज प्रकाश, सहायक अभियंता को उनके निलंबन अवधि में दिये गये जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा, परन्तु इस अवधि को अन्य प्रयोजनार्थ कर्त्तव्य पर बितायी गयी अवधि के रूप में परिगणित किया जायेगा।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, **अवर सचिव।**

---

24 मार्च 2025

सं0 निग/सारा–01 (पथ) आरोप–54/2022–2598(s)**––**श्री लोकेश नाथ मिश्रा, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल नवादा सम्प्रति पदस्थापन की प्रतीक्षा में, के उक्त पदस्थापन अवधि में उड़नदस्ता जाँच प्रतिवेदन जो निदेशक, प्रशिक्षण, परीक्षण एवं शोध संस्थान, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–829 अनु०, दिनांक 30.08.2019 से प्राप्त है, में पथ प्रमंडल, नवादा अन्तर्गत OPRMC Phase-II के पैकेज संख्या–49B के तहत विभिन्न पथों में निम्नलिखित त्रुटियाँ पायी गयी :–

1. **बाघी बगडीहा–बरबिघा पथ (SH-83)**
   इस पथ के कि०मी० 01 से 10 तक में विभिन्न त्रुटियाँ, यथा–shoulder में ditches एवं shrubs पाये गये। RCC drain का cover slab टूटा हुआ पाया गया। कुल छः स्थानों पर culvert में O.H.M missing पाया गया। Speed breaker पर Road marking एवं Road Signage नहीं पाया गया। Electric Pole में Painting नहीं पाया गया।
2. **पकड़ीवरॉवा–बारसलीगंज पथ**
   इस पथ में भी shrubs on shoulder के साथ road safety signage का अभाव पाया गया। Culvert के parapet में मानक के अनुरूप Painting नहीं पाया गया। electric pole में मानक के अनुरूप Painting नहीं था।
3. **पकड़ीवरॉवा–कौआकोल पथ**
   पथ के 3 कि०मी० में Pots पाया गया। पथ के अलग–अलग स्थानों पर shoulder में ditchesd एवं shrubs पाया गया। culvert vent की सफाई नहीं पायी गई। culvert में मानक के अनुरूप painting तथा numbering नहीं पाया गया। electric pole में मानक के अनुरूप painting नहीं पाया गया।
4. **वाराडीह–खराट पथ**
   पथ के पहले कि०मी० में undulation एवं दूसरे कि०मी० में Pots पाये गये। Road Signage नहीं पाया गया तथा Road marking या तो fainted पाया गया या नहीं पाया गया। Culvert Painting मानक के अनुरूप नहीं पाया गया तथा electric pole में मानक के अनुरूप painting नहीं पाया गया।
5. **कौआकोल–शेखोदेवरा पथ**
   पथ में अवस्थित Electric Pole में मानक के अनुरूप Painting नहीं पाया गया।

2. उक्त पायी गयी त्रुटियों के आलोक में विभागीय पत्रांक–750 (एस) दिनांक 29.01.2020 के द्वारा श्री मिश्रा से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री मिश्रा ने पत्र दिनांक 17.03.2020 के द्वारा स्पष्टीकरण उत्तर समर्पित किया, जिसमें मुख्य रूप से अंकित किया गया है कि जाँच की तिथि दिनांक 09.08.2019 के समय IR कार्य प्रगति पर था। संबंधित पत्र में इंगित त्रुटियों को विशिष्ट मानक के अनुरूप सम्पन्न करा दिया गया है।

3. प्राप्त स्पष्टीकरण उत्तर पर कार्रवाई के क्रम में विभागीय पत्रांक–936, दिनांक 22.02.2023 के द्वारा OPRMC संधारित आलोच्य पथों में पायी गयी त्रुटियों का निराकरण Response time में नहीं होने के कारण प्रावधानानुसार OM में deduction किया गया है अथवा नही के संबंध में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, नवादा से प्रतिवेदन की मांग की गयी। कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, नवादा के पत्रांक–120 अनु०, दिनांक 17.02.2024 के द्वारा एतद संबंधी साक्ष्य सहित प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें अंकित किया गया है कि–**"OPRMC Phase-II के पैकेज संख्या–49B के पकड़ीवरॉवा–कौआकोल पथ, पकड़ीवरॉवा–बारसलीगंज पथ एवं कौआकोल–शेखोदेवरा पथ के IR कार्यो में पायी गयी त्रुटियों का निराकरण Response time में नहीं होने के कारण प्रावधानानुसार OM में deduction कर लिया गया है।"**

4. उपर्युक्त प्रतिवेदन के साथ श्री मिश्रा से प्राप्त स्पष्टीकरण उत्तर पर मुख्य अभियंता, पथ संधारण से मंतव्य की मांग की गयी। मुख्य अभियंता, पथ संधारण ने पथवार OM मद में कटौती के संबंध में अपना मंतव्य अंकित किया है, जो निम्नवत है :–

1. **बाघी बगडीहा–बरबिघा पथ (SH-83)**
OPRMC-II के MBD Clause -39.1 के आलोक में कटौती की आवश्यकता नहीं है।

2. **पकड़ीवरॉवा–बारसलीगंज पथ**
इस पथ में विभिन्न मदों में रुपये 29,111/–(उन्नतीस हजार एक सौ ग्यारह) की कटौती की गयी है।

3. **पकड़ीवरॉवा–कौआकोल पथ**
इस पथ में विभिन्न मदों में रुपये 60,401/–(साठ हजार चार सौ एक) की कटौती की गयी है।

4. **वाराडीह–खराट पथ**
OPRMC-II के MBD Clause -39.1 के आलोक में कटौती की आवश्यकता नहीं है।

5. **कौआकोल–शेखोदेवरा पथ**
इस पथ में OM-501 मद में रुपये 1,246/–(एक हजार दो सौ छियालीस) की कटौती की गयी है।

मुख्य अभियंता, पथ संधारण के द्वारा प्रतिवेदित किया है कि संवेदक द्वारा Response time के अन्दर त्रुटि को दूर नहीं करने के कारण OPRMC के विभिन्न अवयवों में निर्धारित प्रतिशत के अनुसार कटौती कर ली गयी है।

5. उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में मामले की समीक्षा की गयी, तदनुसार पाया गया कि यद्यपि OM मद में deduction किया गया है, फिर भी बतौर सहायक अभियंता, Engineer-in-charge के रूप में श्री मिश्रा के कर्त्तव्य के प्रति उदासीनता के कारण त्रुटियों का निराकरण Response time में नहीं हो पाया, तथा OM मद से कटौती की स्थिति उत्न्न हुई।

अतः सम्यक विभागीय समीक्षोपरांत श्री लोकेश नाथ मिश्रा, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल नवादा सम्प्रति पदस्थापन की प्रतीक्षा में, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के स्पष्टीकरण उत्तर दिनांक 17.03.2020 को यद्यपि स्वीकृत किया जाता है, लेकिन उन्हें भविष्य के लिए सजग रहने हेतु **"चेतावनी"** दी जाती है, जिसकी प्रविष्टि उनके चरित्रपुस्त में की जायेगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, **अवर सचिव।**

---

17 मार्च 2025

सं0 निग/सारा–04 (पथ) (नि०था०का०)–12/2014–2329(s)––श्री अमलेश्वर प्रसाद सिंह, तत्कालीन सहायक अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर सम्प्रति मुख्य अभियंता, दक्षिण के सचिव (प्रा०), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के विरूद्ध आय के ज्ञात श्रोतों से अधिक परिसम्पत्ति अर्जित करने के आरोप में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना द्वारा थाना कांड संख्या–50/2014 दिनांक–14.08.2014 धारा–13(2)–सह–पठित धारा–13(1)(ई०) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अंतर्गत दर्ज किये जाने के फलस्वरूप विभागीय अधिसूचना संख्या–8539(एस) दिनांक–04.09.2014 द्वारा श्री सिंह को निलंबित करते हुये विभागीय संकल्प ज्ञापांक–10006 दिनांक–17.10.2024 द्वारा विभागीय कार्यवाही के संचालन के पश्चात् गठित आरोप प्रमाणित पाये जाने के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–7559 (एस) दिनांक–20.08.2019 द्वारा श्री सिंह को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

2. कालान्तर में निगरानी थाना कांड संख्या–50/2014 दिनांक–14.08.2014 के संदर्भ में विशेष न्यायाधीश (निगरानी), पटना के कोर्ट में दायर विशेष वाद संख्या–56/2014 में दिनांक–01.02.2021 को पारित न्यायादेश द्वारा श्री सिंह के मामले को साक्ष्य की कमी के आधार पर बंद किये जाने का आदेश पारित किया गया। उक्त पारित आदेश के आलोक में श्री सिंह के द्वारा अपनी बर्खास्तगी के दंडादेश के विरूद्ध पुनर्विचार अभ्यावेदन पत्रांक–शून्य दिनांक–08.09.2022 समर्पित किया गया, जिस पर अग्रतर कार्रवाई करते हुये सामान्य प्रशासन विभाग एवं विद्वान महाधिवक्ता से परामर्श प्राप्त करते हुए विभागीय समीक्षोपरान्त श्री सिंह के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही का आधार एवं साक्ष्य दर्ज निगरानी थाना कांड संख्या–50/2014 होने के आलोक में बर्खास्तगी दंडादेश (अधिसूचना संख्या–7559 (एस) दिनांक–20.08.2019) को मंत्रीपरिषद की स्वीकृति प्राप्त कर तत्काल प्रभाव से विभागीय अधिसूचना संख्या–5996 (एस) दिनांक–04.10.2023 द्वारा निरस्त कर दिया गया।

